53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.5° c | अधिकतम 29.2 °c

**अमृतवाणी**

गंदगी नजरों में होती है,
वरना कचरा बीनने वालों को
तो कचरे में भी रोटी दिखती है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति के सामर्थ्य का रूप देखा : मोदी



सूर्योदय - 5:32, सूर्यास्त - 7:18 | वर्ष : 53/ अंक : 201 | मंगलवार, 22 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

बस कुछ निराश.... हताश.. और कुंठित लोगों को छोड़कर....

## शोक सभा

जिंदगी कभी वैसी नहीं होगी, जैसी तब थी,
जब **वैभव तायल** हमारे साथ थे।



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय

## वैभव तायल

(सुपुत्र श्री प्रवीण कुमार तायल)

का आकस्मिक निधन, दिनांक 14 जुलाई 2025, दिन- सोमवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

## -: शोक सभा :-

दिन- शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 को अपराह्न 2:00 बजे होनी निश्चित हुई है।

**स्थानः- पंजाबी बारात घर**, गाँधी कॉलोनी, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

### -: शोकाकुल परिवार:-

प्रवीण कुमार तायल (पिता)
विशु तायल (भाई)
शशांक तायल (भाई)
हर्ष तायल (भाई)

श्री राम ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज

**सम्पर्क:- 9997766025, 8192988082**

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 201 मंगलवार, 22 जुलाई 2025 श्रावण, कृष्णा पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये



### बांग्लादेश एयरफोर्स के चाइनीज विमानों ने दिखाया रंग

## ढाका के स्कूल पर गिरा विमान, पायलट समेत 19 लोगों की मौत, 164 घायल



**ढाका, 21 जुलाई (एजेंसी)।** बांग्लादेश की वायुसेना के चाइनीज जहाजों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। AP की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। कई घायल बच्चों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का F-7 BGI विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था।

# बड़ा खुलासा : कांवड़ यात्रा में साम्प्रदायिक हिंसा की साजिश नाकाम

### पांच व्हाट्सअप ग्रुपों में खून-खराबे की वीडियो व लोगों को भ्रमित करने वाली ऑडियो प्रसारित कर भावनाएं भड़काई सतर्कता के चलते ककरौली पुलिस ने नदीम, मनोसेर व रहीस किया गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन की मदद से मुजफ्फरनगर में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने में सफलता हासिल हुई है। ककरौली पुलिस ने पांच व्हाट्सअप ग्रुपों पर पाकिस्तान खून-खराबे की वीडियो व उसके जरिए अफवाह फैलाने वाली एक वीडियो वायरल करने पर तीन मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों शातिर ककरौली के ही रहने वाले नदीम, मनोसेर व रहीस हैं। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि जो ऑडियो वायरल की हुई है, उसमें आरोपी व्यक्ति मुस्लिम समाज को भड़काने के लिए उन्हें मिसगाइड कर रहा है और कह रहा है कि मंसूरपुर गांव सहित कई गांवों में बजरंग दल के लोगों ने दर्जनों मुस्लिमों के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों का बेरहमी से कत्ल कर दिया है।

इस ऑडियो के साथ-साथ असामाजिक तत्वों द्वारा एक वीडियो भी दिखाई गयी है, उक्त वीडियो पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ की एक घटना से जुड़ी है, जिसमें फर्श पर छोटे बच्चों, महिलाओं की लाशें बिछी हैं और आसपास महिलाओं के चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही हैं। ऑडियों में असामाजिक तत्व लम्बा-चौड़ा बखान करते हुए यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि बजरंग दल के लोगों ने इससे पहले भी कई गांवों में लगभग 50 से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। वायरल वीडियो को और ज्यादा वायरल करने की अपील की गयी है। इस वीडियो व ऑडियो को ककरौली युवा एकता व्हाट्सअप ग्रुप में प्रसारित किया गया है। डीआईजी ने बताया कि इस वीडियो को देखकर प्रतीत होता है कि आरोपी सोची-समझी साजिश के तहत मुरादाबाद जनपद के एक गांव की दर्शाते हुए विशेष सम्प्रदाय के लोगों को बताकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगे एवं आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इस साजिश के लिए आरोपियों द्वारा सावन माह का दूसरा सोमवार चुना गया, क्योंकि इस समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अपने पूरे यौवन पर है। इनका इरादा था कि साम्प्रदायिक नफरत फैलाई जाए, लोग उग्र हों और आतंकवाद की विचारधारा के प्रति आकर्षित हों और भोले भाले लोगों को उकसाकर राष्ट्र में असंतोष पैदा कर सकें। स्वयं डीआईजी द्वारा बताई गयी इन बातों से साफ प्रतीत हो रहा है कि असामाजिक तत्वों के इरादे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ बड़ा करने के हैं, जो लगातार नाकाम हो रहे हैं। किसी न किसी ढंग से उत्तर प्रदेश के अंदर उन्माद फैलाने की कोशिश लगातार जारी है। आपको बता दें कि पकड़े गए आरोपियों से तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस व सुरक्षा एजेंसी पकडे गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### खुद ही रहो सावधान, नहीं मान रहे भाईजान

## फिर एक बार कांवड़ियों के वेश में पकड़े गए पांच असामाजिक तत्व



**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** जनपद में असामाजिक तत्वों की गतिविधि लगातार संदिग्ध दिख रही हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जान-बूझकर हिन्दू समाज के लोगों से छेड़छाड़ का प्रयास किया जा रहा है। कभी मदीना चौक पर पुंगनूर गायों पर कटाक्ष, कभी पुरकाजी में कांवड़ पर थूकना, कभी भोपा में वीडियो बनाकर अश्लील कटाक्ष करना लगातार यही क्रम असामाजिक तत्वों द्वारा जारी हैं।

सोमवार को फिर एक बार वही पांच लोग दोबारा कांवड़ सेवा शिविरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते पकड़े गए। आपको बता दें कि इन्हीं पांच लोगों सुहैल उर्फ चोकड, आसिफ निवासीगण लदद्वाला, आसिफ निवासी शाहबुद्दीनपुर रोड, शादाब निवासी कूकड़ा व आबिद निवासी केवलपुरी ने लगभग सात दिन पहले कांवड़ शिविरों में मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बड़ी बात यह है कि उक्त सभी ने भोला कांवड़ियों का वेश धारण कर शिविरों में प्रवेश किया और 72 से अधिक मोबाइलों की चोरी की। पुलिस ने सात दिन पहले 14 जुलाई को भी इनका चालान शांतिभंग में कर दिया था, मगर आज 21 जुलाई को पुनः इनके पकड़े जाने से यह साबित हो गया कि ऐसे असामाजिक तत्वों को पुलिस का अब कोई खौफ नहीं रह गया है। उन्हें पता है कि इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद भी सिर्फ उनका मामूली धाराओं में चालान कटेगा और वे जल्द ही जेल से बाहर आ जाएंगे। शायद पुलिस की इसी लापरवाही के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हुए और उन्होंने सात दिन के अंदर ही पुनः घटना को अंजाम दे डाला। इन्हें योगी की पुलिस का तो खौफा था ही नहीं साथ ही साथ इन्हें यह भी डर नहीं था कि इस समय लाखों की तादाद में कांवड़िया नगर से होकर गुजर रहा है, यदि किसी के हत्थे ये लोग चढ़ गए तो नगर में साम्प्रदायिक दंगा होने में मिनट भी नहीं लगेगी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से जिले के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है और मुजफ्फरनगर में कब इन असामाजिक तत्वों की वजह से कोई अप्रिय घटना हो जाए, यह कहा नहीं जा सकता। सोमवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेस वार्ता करते हुए यही कहा कि ऐसे लोग मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के साथ-साथ कांवड़ियों का वेश धारण कर हिन्दू धर्म के लोगों की भावनाओं को निश्चित रूप से ठेस पहुंचा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि दो बार पकड़े जाने के बाद भी इन पांच भाईजानों का क्या उपचार किया जायेगा। एसएसपी की मानें तो इस बार इन पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

## कुछ ना कुछ करके ही मानेंगे भाईजान....?

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु)।** शायद ही जनपद के माहौल को बिगाड़ने की कोई कोर कसर छोड़ी जा रही हो। हर तरह से कोशिश की जा रही है कि किसी तरह हिन्दू धर्म के लोगों की भावनाओं को भड़काया जाये, मगर हिन्दू धर्म के लोग अभी खामोशी से तमाशा देख रहे हैं। मगर अब अति होती दिखाई पड़ रही है। कांवड़ के दौरान दस से अधिक असामाजिक तत्व एक ही समुदाय के पकड़े गये हैं, जिन्होंने कांवड़ियों का भेष धारण कर कांवड़ शिविरों में घुसने की तो हिम्मत दिखाई ही है, साथ ही साथ 72 से अधिक मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इसी से प्रतीत होता है कि भय तो भाईजानों के मन में है ही नहीं, बस यह मानकर चलिये कि किसी कारण से या यूं कहिये बुल्डोजर बाबा के डर से अभी असामाजिक तत्व शांत बैठने का ढोंग कर रहे हैं। इन सब बातों से यही प्रतीत हो रहा है कि जनपद में कभी भी कोई अप्रिय घटना विस्फोटक रूप ले सकती है, जिसे काबू करना शायद आसान नहीं होगा। मगर प्रशासन के साथ-साथ हम आम लोगों को भी हर हाल में आंखे खोलकर रहना होगा, नहीं तो समय पर हम स्थिति को काबू करने में नाकाम साबित होंगे और असामाजिक तत्व हावी होते दिखाई पडेंगे। अब यह बात मानो या ना मानो वह आप सबकी मर्जी है, जनपद हम सबका है, इसीलिये इसे बचाने की जिम्मेदारी भी हम सबको अभी से लेनी होगी और साम्प्रदायिक ताकतों का मुंह तोड़ जवाब समय रहते दे देना चाहिये।




### पाकिस्तान से भी हो सकता है साजिश का कनेक्शन

**मुजफ्फरनगर।** डीआईजी ने साफ किया इन लोगों की अभी जांच की जा रही है। आतंकी और राष्ट्र विरोधी संगठनों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता साजिश का कनेक्शन पाकिस्तान से भी हो सकता है। फिलहाल नदीम, मनोशेर और रईस को हिरासत में लेकर इनके चालान काट दिये गये हैं। फॉरेंसिक जांच से इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि उक्त ऑडियो और वीडियो इन्हीं तीनों के मोबाईल से प्रसारित की है।

### सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से हुआ आतंकी सोच का खुलासा

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ मेले से पहले पुलिस द्वारा लगातार व्हाट्सएप ग्रुप्स पर अपनी निगाहें गड़ाए हुई थी, जिसको लेकर पुलिस ने नफरत फैलाने वाली एक ऑडियो और पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ की एक पुरानी वीडियो को डाला गया था। ऐसे पांच व्हाट्सएप ग्रुप में इन वीडियो के आते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की और तीनों को धर दबोचा।


### परिवार के अन्य सदस्य अन्य राज्यों में करते है फेरी का काम : डीआईजी

**मुजफ्फरनगर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों के परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली, बिहार सहित अन्य कई राज्यों में फेरी का काम करते हैं। उनकी बैकग्राउंड और एक्टिविटी को जानने के लिए भी टीम लगाई गई है कि कही ये अन्य किसी ग्रुप से जुड़े तो नहीं।

## जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार, 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में स्पष्ट किया कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत लिया गया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा— मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। यह मेरे लिए एक अत्यंत सुखद अनुभव रहा है। मैं माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे सतत सहयोग और शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किए। उन्होंने प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। संसद सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय सांसदों से मिला स्नेह, विश्वास और अपनापन मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। धनखड़ ने अपने कार्यकाल को एक गर्वपूर्ण यात्रा बताया और लिखा कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और असाधारण विकास का साक्षी बनना और उसमें सहभागी होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात रही है। जब मैं इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ रहा हूं, तो भारत के वैश्विक उत्थान और उसकी अद्भुत उपलब्धियों पर गर्व से भर जाता हूं। मुझे देश के उज्ज्वल भविष्य पर पूर्ण आस्था है। गौरतलब है कि धनखड़ ने 6 अगस्त 2022 को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराकर 528 मतों से जीत दर्ज की थी। उन्हें 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को केवल 182 वोट प्राप्त हुए थे। वे 10 अगस्त 2022 को भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण किए थे। धनखड़ पेशे से वकील रहे हैं और उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने पहले संकेत दिया था कि अगर सब कुछ सामान्य रहा तो वे अगस्त 2027 में कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त होंगे, परंतु अब उनका कार्यकाल असमाप्त रह गया है। अब देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए नए उपराष्ट्रपति के चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है।

### स्वास्थ्य कारणों के चलते दिया गया इस्तीफा



## भगत सिंह रोड पर मीना बाजार के गोयल जनरल स्टोर में लगी भयंकर आग

### कॉस्मैटिक का लाखों का माल हुआ जलकर स्वाहा



**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु)।** सोमवार की रात नौ बजे उस समय भगत सिंह रोड के मीना बाजार की पहली मंजिल भभक उठी, जब बाजार के प्रसिद्ध कास्मेटिक व्यापारी सुनील गोयल व विपिन गोयल के गोयल जनरल स्टोर में भयंकर आग लग गयी। आग लगता देख प्रत्यक्षदर्शियों ने फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी। मौके पर तुरंत फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियां पहुंची और आग को बुाने का भरसक प्रयास किया। मगर पूर्ण सफलता न मिल पाने के बाद दो गाडियां ओर बुलाई गई, तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया गया। मगर तब तक सबकुछ खाक हो चुका था। गनीमत यह रहीं कि उक्त हादसे में किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ, मगर दुखद बात यह है कि हाल ही में विपिन गोयल द्वारा भव्य शोरूम का निर्माण किया गया था। घटना की सूचना जैसे ही आला अधिकारियों को हुई तो मौके पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति और उसके बाद स्वयं एसएसपी संजय कुमार वर्मा घटना की जानकारी लेने के लिए पहुंचे और शोरूम स्वामी सुनील गोयल व विपिन गोयल को ढांढस बंधाया। माना जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी है। फिलहाल आग की घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था और परिवार का ढांढस बंधाने के लिए मार्किट के लोग व विपिन गोयल के परिचित तुरंत उनके निवास व शोरूम पर पहुंच गये। आपको बता दें कि उक्त मार्किट कास्मेटिक के बड़े बाजार के रूप में पूरे जिले में प्रसिद्ध है। संकरी मार्किट होने के कारण फायर बिग्रेड की गाड़ियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा, क्योंकि मार्किट की कुल चौडाई मात्र लगभग दस फी है। ऐसे में पूरी मार्किट में भी आग लगने का खतरा घंटों तक मंडराता दिखाई दिया। मगर शुक्र यह रहा कि आसपास की सभी दुकानें सुरक्षित बच गयी।



व्यापारी को ढाढस बंधाते एसएसपी संजय कुमार वर्मा

## शिवचौक समेत अन्य मंदिरों और शिवालयों तक गूंजे जयकारे

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच श्रावण माह के दूसरे सोमवार को नगर के हृदय स्थल शिवचौक समेत अन्य सभी मंदिरों में पौह फटने के साथ तमाम शिव भक्तों की लंबी कतारें बाबा का पूजन करने को दिखाई दी। इस बीच पूर्ण आस्था व विश्वास के बीच शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हुए घर-परिवार की खुशहाली को कामना की। इस दौरान तमाम शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए मंदिर में बेल पत्र, भांग, धतूरा एवं मिष्ठान अर्पित करने के साथ पूजा-अर्चना की। शिवचौक पर सुबह से भक्तों के साथ-साथ शहर से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़िएं भी शिवचौक की परिक्रमा करते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। इसके साथ नगर क्षेत्र के अन्य मंदिरों के साथ गांव-देहात और कस्बों में शिवभक्तों की पूजा एवं जल चढ़ाने को लंबी कतारें लगी रही। उधर, जिले में सुरक्षा कारणों से पुलिस बल ने मंदिरों के बाहर निगरानी करने के साथ हर स्थिति पर नजरें बनाए रहा। सोमवार को श्रावण माह के दूसरे सोमवार को नगर मुख्यालय से गांव देहात तक हर ओर बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के बीच भक्ति का माहौल हर ओर देखने को मिला। शिवचौक के साथ इस बीच अन्य शिवालयों एवं मंदिरों में भी बाबा भोले नाथ की पूजा-अर्चना को तमाम भक्तों की भीड़ दिखाई दी। इस दौरान शिवचौक समेत अन्य सभी मंदिरों में बोल बम के जयघोष के बीच पूजा-अर्चना की गई। सोमवार को शिवचौक के अलावा गांधी कॉलोनी स्थित अनन्तेश्वर महादेव मंदिर, अंसारी रोड के भौरो वाला मंदिर, नदी घाट स्थित आत्मबोध योग मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, शेरनगर स्थित शिव मंदिर, नई मंडी स्थित श्री गणपतिधाम शिव मंदिर प्रांगण के साथ मौ. कृष्णापुरी, शिवपुरी, आनन्दपुरी, रामपुरी, जनकपुरी, कच्ची सड़क, इन्दिरा कॉलोनी, जसवंतपुरी, केवलपुरी, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, नई मंडी, सुभाष नगर, गांधी कॉलोनी, नुमाईश कैंप समेत शहर के तमाम शिवालयों व मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस बीच भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए बाबा को फल, फूल, बेल पत्र के पत्ते, भांग व धतूरा आदि अर्पित करते हुए रोली चंदन का तिलक लगाने के साथ धूप-दीप से आरती की। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा कारणों से शिवचौक समेत अन्य मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती के साथ क्षेत्रों में पुलिस गश्त जारी रही। शिवचौक पर जलाभिषेक के लिए नगर कोतवाली तक लंबी लाइनें लगी रही।



रक्तदान महादान

आदरणीय,
अपने संस्थापक अध्यक्ष
स्वर्गीय श्री नेकी राम गर्ग जी
की 17 वीं पुण्य स्मृति में
( पश्चिमी उ० प्र० संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ) द्वारा
महा रक्तदान शिविर
आयोजित किया जा रहा है, आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
मंगलवार, 22 जुलाई 2025
प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
स्थान:- वर्धमान जैन भवन, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
" रक्तदान करें, जीवन बचाएँ "
इस महान आयोजन में हम आपसे आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने का अनुरोध करते हैं।



स्व. श्री नेकीराम गर्ग जी
व्यापारी हृदय सम्राट
निवेदक- अंकुर गर्ग, अमित गर्ग एवं समस्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मानसून सत्र में नारेबाजी की बारिश

कल से संसद का मानसून सत्र आरम्भ हो गया। मानसून सत्र में चर्चा कम हुई, नारेबाजी की बारिश अधिक हुई। संसद के दोनों सदन नारेबाजी की बारिश से बाधित हुए बार-बार स्थगित हुए। 11 बजे जैसे ही राष्ट्रगान के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्ष ने नारेबाजी की बारिश शुरू कर दी। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन चलाना सभी की जिम्मेदारी है। स्पीकर की अपील के बावजूद विपक्षी सांसदों की नारेबाजी जारी रही। स्पीकर ओम बिरला ने अखिलेश यादव से सख्त लहजे में कहा कि अखिलेश जी आप सभी सदस्यों से कहिए तख्तियां लेकर न आएं। मैं आपको प्रश्नकाल के बाद सभी विषयों पर चर्चा की अनुमति दूंगा। बावजूद इसके विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए। इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि ये तरीका उचित नहीं है, सदन के पहले दिन सदन चले अच्छी चर्चा हो। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों के व्यवहार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन सांसदों को नारेबाजी करनी है, वो सदन के बाहर जाएं। सदन नारेबाजी करने के लिए नहीं बल्कि चर्चा करने के लिए है। मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी विपक्ष से विशेष अनुरोध किया। उन्होंने संसद परिसर में कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है और दल हित में उनके मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलने चाहिए। प्रधानमन्त्री ने मॉनसून सत्र को विजयोत्सव बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति देखी और आतंकवाद के आका बेनकाब हुए। प्रधानमन्त्री मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत, आतंकवादियों के आकाओं के घरों को 22 मिनट के भीतर ही जमींदोज कर दिया गया। मेड इन इंडिया सैन्य शक्ति के इस नए स्वरूप की ओर दुनिया बहुत आकर्षित हुई है। इन दिनों, जब भी मैं दुनिया के लोगों से मिलता हूं, तो भारत की ओर से बनाए जा रहे मेड इन इंडिया हथियारों के प्रति दुनिया का आकर्षण बढ़ता ही जा रहा है। पीएम ने कहा कि आज हमारे सुरक्षा बल एक नए आत्मविश्वास और नक्सलवाद को खत्म करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज कई जिले नक्सलवाद से मुक्त हैं। देश में माओवाद और नक्सलवाद का दायरा छोटा हो रहा है। हमें गर्व है कि बंदूक के आगे हमारे देश का संविधान जीत रहा है, जो जोन पहले रेड जोन थे, वो अब देश के लिए ग्रीन जोन बनते जा रहे हैं और इस सत्र में देश के इस गौरवगान को पूरा देश सुनेगा और हर सांसद से सुनेगा। संसद से बाहर राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है और संसद में तानाशाही का जोर है। रक्षामंत्री को बोलने दिया जाता है, लेकिन विपक्ष के नेताओं को यहां तक कि मुझे, जो नेता प्रतिपक्ष हूं, बोलने नहीं दिया जाता। मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि जब देश पर आतंकवादी हमले हुए, तब पूरा विपक्ष एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि उस समय कांग्रेस ने सरकार को बिना किसी शर्त के समर्थन दिया था, ताकि देश एकता के साथ आतंक के खिलाफ खड़ा रह सके। इस पर बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद इस तरह का ऑपरेशन नहीं हुआ। सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर नारेबाजी हुई, विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहती। हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के सभी प्वाइंट्स को देश के सामने रखा जाएगा। मानसून सत्र से पहले इंडिया गठबंधन ने बैठक की थी। इसमें ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम, डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर पर दावे और बिहार वोटर लिस्ट जैसे मुद्दों पर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। अब ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरूआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक 32 दिन चलेगा। कुल 32 दिन में 18 बैठकें, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। नये इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा। जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में राज्यसभा के 63 सांसदों ने जस्टिस वर्मा को पद से हटाने का नोटिस दिया है, वहीं लोकसभा में भी जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया गया है, जिसे 145 सदस्यों ने समर्थन दिया है। सदस्यों ने संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत महाभियोग का प्रस्ताव दिया है। विभिन्न पार्टियों के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू जेडीएस, जन सेना पार्टी, शिवसेना, लोक जनशक्ति पार्टी, सीपीएम आदि के सांसद शामिल हैं। इन सांसदों में राहुल गांधी, अनुराग वर्मा, रवि शंकर प्रसाद, सुप्रिया सुले और केसी वेणुगोपाल का नाम शामिल है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव नोटिस पर कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए एक न्यायाधीश का आचरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमने इस संबंध में अपना नोटिस दायर कर दिया है। नारेबाजी की बारिश के बीच बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हो गया। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा। यह बिल समुद्री रास्ते से भेजे गए सामान के लिए एक पक्का डॉक्यूमेंट बिल ऑफ लैडिंग प्रदान करता है, जो यह साबित करता है कि सामान जहाज पर लदा हुआ है। बिल मार्च में लोकसभा से पास हुआ था।

## चार तीर

सुनील उत्सव

'संगम' 'काँवड़' 'थकन' 'शिकन'

ये भक्तों का संगम, ये भक्तों का रेला, कई रंग का है ये श्रद्धा का मेला,
ये काँवड़ जो कांधे पे धारण किए हैं,जो भोले के पथ पर बढ़े जा रहे हैं।
थकन भी नहीं है,शिकन भी नहीं है,अहोभाव है बस अहोभाव ही है,
नमन कीजिये ऐसे भक्तों को दिल से, जो गंगा को लेकर चले जा रहे हैं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र-संख्या 12147, दिनांक 17/12/2011 में गलती से माता का नाम प्रियंका अंकित करा दिया गया था। जबकि, वास्तविक नाम प्रियंका रानी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक–प्रियंका रानी
पुत्री श्री रतन लाल
निवासी- रोहित विहार, दिल्ली रोड, सहारनपुर, मो. 7376392289

## युवक की चाकू से गोदकर हत्या, जंगल में पड़ा मिला शव



मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। नगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव जंगल में पड़ा मिला। युवक की पहचान 24 वर्षीय अनुज प्रजापति के रूप में हुई, जो रविवार शाम कांवड़ देखने के लिए घर से निकला था। रात 12 बजे के बाद भी जब अनुज घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सोमवार सुबह तलाश के दौरान नेशनल हाईवे स्थित गुरुकुल स्कूल के पीछे जंगल में उसकी चप्पल दिखाई दी। जब परिजन थोड़ा और आगे बढ़े तो अनुज का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। अनुज के चेहरे, गर्दन और पेट पर चाकू के गहरे वार थे, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजन थाने में तहरीर देने की तैयारी कर रहे हैं। घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है, जबकि कांवड़ यात्रा के दौरान इस तरह की वारदात सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## कैमिस्ट एसोसिएशन ने शिव भक्तों पर की पुष्प वर्षा

मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से सोमवार को शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर के दवा व्यापारियों ने हर्षोल्लास के साथ एकत्रित होकर नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर बोल-बम के जयघोष के बीच शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान, संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, चेयरमैन सतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश तायल, कार्यवाहक महामंत्री दिव्य प्रताप सोलंकी, संगठन मंत्री सचिन त्यागी, सुधीर त्यागी, मनोज गर्ग, संदीप कुमार, विशाल शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि दवा व्यापारी मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन ने सड़कों पर उतर कर संभाली सफाई की कमान

### - अपने हाथों से उठाया कांवड़ मार्ग से कूड़ा, दिया प्रेरक संदेश





मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। श्रावण माह कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा में जुटे शिविर संचालकों के बीच सोमवार को उस वक्त प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब नगर पालिका की चेयरपर्सन ने कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन के साथ प्रसाद वितरण के बाद सड़क पर पड़े कचरे को स्वयं अपने हाथों से उठाकर स्वच्छता का संदेश दे गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। सोमवार को एमडीए कार्यालय के समीप आयोजित कांवड़ सेवा शिविर उद्घाटन अवसर पर पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने करते हुए शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस बीच जब उन्होंने देखा कि भक्तों द्वारा प्रसाद के उपयोग किए पत्तल, दोने और प्लास्टिक गिलास शिविर के पास सड़क व डिवाइडर पर फेंक दिये गये और वो बिखरे पड़े हैं, तो उन्होंने वहीं स्वच्छता ही सेवा का प्रेरणादायी संदेश देने के लिए खुद सड़क पर पहुंचकर अपने हाथों से दोने और पत्तल आदि उठाकर सफाई शुरू कर दी। चेयरपर्सन को झुक कर कूड़ा उठाते देख आयोजक, सभासद और वहां मौजूद बच्चे एवं शिवभक्त उनके साथ सफाई में जुट गए। उनके इस प्रयास ने न सिर्फ स्वच्छता के महत्व को उजागर किया, बल्कि भावी पीढ़ी में स्वच्छता के प्रति एक नागरिक जिम्मेदारी, सेवा और सामाजिक चेतना की भावना भी जागृत की। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि स्वच्छता आदत नहीं, यह हमारी आत्मा की शुद्धता का प्रतीक है। जब हम अपने आस-पास फैले कचरे को नजरअंदाज करते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से मुंह मोड़ते हैं। स्वच्छता कोई दिखावे की बात नहीं, यह हमारे संस्कारों का आईना है। इस दौरान हिमांशु कौशिक, कार्तिक स्वरूप, शिविर आयोजक रजत गोयल, शिवम चौधरी, राहुल चौधरी, अभिषेक व राम सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मीनाक्षी स्वरूप के स्वच्छता के प्रति इस समर्पण की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वो स्वयं अपने आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सहयोग के साथ ही जन जागरण भी करेंगे।





## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने बांटा भोलों को दूध व बिस्कुट

### - पालिका चेयरपर्सन, बुलेटिन संपादक ने किया शिविर शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने नगरीय क्षेत्र में अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंची कांवड़ यात्रा गंतव्य की ओर तेजी से बढ़ते शिवभक्तों की सेवा करने को कुछ पल राहत देने की पहल की। सोमवार को सेवा भाव की इसी कड़ी में नगर क्षेत्र में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की इकाई द्वारा कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। इस दौरान व्यापारियों ने देव भूमि हरिद्वार से मां गंगा का जल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ते शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में गर्म दूध और बिस्कुट वितरण किया। सोमवार सायं नगरीय क्षेत्र में लगाए कांवड़ शिविर का उद्घाटन पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से करते हुए भोलों को दूध एवं बिस्कुट आदि का वितरण किया। इस दौरान मुख्य रूप से संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल, चेयरमैन अशोक बाटला, अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री प्रमोद मित्तल, संयोजक विश्वदीप बिट्टू, राहुल वर्मा, बिजेन्द्र गोयल व सुभाष चौहान के अलावा अजय सिंघल, श्याम सिंह सैनी, उज्जववल मित्तल, अनिल तायल समेत बड़ी संख्या में व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारी मौजूद रहे।

## रिमझिम बौछारों के बीच नगर में हुई 2.4 एमएम बारिश

मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में मौसम के बदले हुए मिजाज के बीच सोमवार को दिन निकलने के साथ रिमझिम बौछारों का दौर रुक-रुककर दोपहर तक जारी रहा। इस बीच नगरीय क्षेत्र में गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों को कई दिनों से जारी गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं मौसम में हवाओं की गति तीव्र होने के साथ काफी बदलाव दिखाई दिया। हालांकि मौसम में बदलाव के चलते उम्मीदों से काफी कम बारिश होने के साथ तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों के बीच सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मात्र 2.4 एमएम बारिश दर्ज की। माना जा रहा है अगले दो दिन मौसम राहत भरा साबित होगा। मौसम के जारी बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे प्रदेश में जुलाई के पहले 15 दिनों में अच्छी मानसूनी बारिश देखने को मिली। तराई और दक्षिणी यूपी के कई जिलों में बाढ़ जैसी परिस्थितियां बन गई हैं। बीते तीन चार-दिनों में मानसून के धीमा पड़ने के बाद पश्चिमी तराई में फिर से इसकी सक्रियता बढ़ती दिख रही है। मौसम विभाग के सोमवार को जारी ऑरेंज अलर्ट के बीच सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली, बिजनौर, मुरादाबाद और आसपास के इलाकों में भारी बारिश से जनपद में मायूसी हाथ लगी। जिले में हुई बारिश के बीच 2.4 एमएम बारिश से हालांकि नगर में कोई बदलाव तो देखने को नहीं मिला, लेकिन दिन भर जारी बादलों और सूर्यदेव की आंख मिचौनी ने गंतव्य की ओर बढ़ते हुए कदमों को मजबूती दी। मौसम विभाग ने प्रदेश के करीब 56 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका व्यक्त की। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि प्रदेश के पश्चिम तराई इलाकों में अच्छी बारिश के संकेत हैं।

## शाहपुर में चेयरमैन अकरम कुरैशी के नेतृत्व में शिव भक्तों की सेवा में जुटी नगर पंचायत

### - विधायक राजपाल बालियान ने शिव भक्तों पर बरसाए फूल - डीआईजी अभिषेक सिंह भी शाहपुर पहुंचे

शाहपुर, 21 जुलाई (बु.)। कस्बे में रालोद विधायक ने शिव भक्त कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनकी सेवा की । वही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शाहपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम शिवभक्त कांवड़ियों की भरपूर सेवा में जुटी है। नगर पंचायत में पिछले कई दिनों से शिविर चल रहा है। पूरे नगर को सजाया गया है। वहीं नगर पंचायत पर कंट्रोल रूम पर बन चेयरमैन द्वारा बनवाए गए मचान से रालोद विधानमंडल दल के नेता एवं क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान नगर पंचायत के सभासदगणों समेत संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। शाहपुर में चेयरमैन अकरम कुरैशी के नेतृत्व में शिवभक्तों की सेवा में जुटी नगर पंचायत विधायक राजपाल बालियान ने कावड़ियों पर की पुष्प वर्षा कस्बे में रविवार की देर शाम रालोद विधान मंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी के तत्वावधान में लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनकी सेवा की। इस दौरान सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, विशाल गर्ग, रीनू कुमार व वकीला बेगम आदि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कस्बे में पहुंचकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने कस्बा पुलिस चौकी पर बने कंट्रोल रूम पर शिव भक्तों की सेवा कर रहे बाल स्वयंसेवक राघव शर्मा से मिल उन्हें शाबाशी दी ।

## मेघाखेड़ी वालों ने की शिविर लगाकर भोले की सेवा



मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्त कावड़ियों के लिए शिव-पार्वती कांवड़ सेवा शिविर मेघाखेड़ी वालों की और से पूर्व प्रधान सुरेश पाल सिंह, द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने भोले भक्तों को खूब सेवा की। इस दौरान सेवकों में विजेंदर सिंह, राजीव चौधरी, रविंदर, मनोज, हरविंदर, गोल्डी, विनीत, डॉ. सुनील, वीरपाल, अनिल, सचिन, उपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। इस दौरान कावड़ सेवा शिविर 17 जुलाई से लगातार जारी है, जिसका समापन 22 की शाम संपन्न होगा।

## आईजी, डीआईजी ने परखी देर रात की सुरक्षा



मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। श्रावण मास के चलते कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सावन मास के दूसरे सोमवार को जनपद के 45 शिवालयों पर सुबह से ही पुलिस को तैनात किया गया। सुरक्षा के लिहाज से रात्रि में मेरठ जोन के एडीजी, डीआईजी व एसएसपी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शिविरों में पहुंचकर शिविर संचालकों से भी वार्ता की। इसी कड़ी में देर रात आईजी मेरठ रेंज भानु भास्कर, डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह, एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने रामपुर तिराहा स्थित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर चल रही डाक कांवड़ इत्यादि डीजे कावड़ और सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से आंकलन किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की साथ ही अधिकारियों ने मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा के दौरान सुचारु यातायात सुनिश्चित करने के लिए डायवर्जन प्लान और पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद के 45 शिवालयों पर पुलिस को सुबह से ही तैनात कर दिया गया। दोपहर तक पुलिस शिवालयों पर मौजूद रही। कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता की भी जांच की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को इन सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## वार्ड 31 में चेयरपर्सन ने शुरू कराया नलकूप निर्माण

### - 15वें वित्त में 20 लाख की धनराशि से बनेगा नया नलकूप



मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सोमवार को नवविस्तारित वार्ड 31 के अंकित विहार में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 15वें वित्त आयोग निधि से 20 लाख रुपये की लागत से स्थापित होने वाले नए नलकूप निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए शुभारंभ किया। इस नलकूप निर्माण से लाल बाग, अंकित विहार, वर्मा पार्क समेत कई कॉलोनियों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पालिका के वार्ड 31 अंकित विहार क्षेत्र में पालिका की ओर से पेयजलापूर्ति सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नये नलकूप स्थापना निर्माण कार्य को शुरू कराया। इस दौरान वार्ड में पहुंचने पर सभासद बबीता सिंह के साथ स्थानीय नागरिकों ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि क्षेत्र की जनता को पेयजल जैसी बुनियादी जरुरत की पूर्ति करना हमारा कर्तव्य है। यह क्षेत्र सीमा विस्तार के बाद शहर से जुड़ा है, जहां जल संकट की समस्या बनी हुई थी। जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नलकूप स्थापना का निर्णय लिया है, जिससे क्षेत्र की स्थिति में निश्चित रूप से सुधार होगा। उन्होंने लोगों ने अपने वार्ड को स्वच्छ व आदर्श वार्ड बनाने में सफाई कर्मियों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सहयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। बता दें, जिस क्षेत्र में नलकूप लगाया जा रहा है, वह कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का आवासीय क्षेत्र है। चेयरपर्सन ने जनता के लोगों को भरोसा दिलाया कि नलकूप निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा और इसके बाद क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। इस दौरान सभासद अमित कुमार, योगेश मित्तल, भाजपा नेता विकल्प जैन, कपिल पाल और अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः-753/P.W.D./NPP/2025-26 दिनांकः- 21/07/2025

ऑफ लाईन निविदा सूचना।

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 गाड़ी की आपूर्ति हेतु दिनांक 05/08/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऑफ लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/07/2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 05/08/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05/08/2025 की सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

## फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज ने की भोलों की सेवा

मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बुस.)। आज फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज द्वारा कांवड़ियां भोलों की मेडिकल सेवा शिविर लगा कर की गई। सभी भोलों को दर्द, बुखार आदि की दवाई स्वयं लगाई गई तथा रास्ते के लिए भी दी गई। सभी उधमियों ने बहुत ही सेवा भाव से सेवा की गई। इस पुनीत कार्य जो कि दो दिन से चल रहा है, मुख्य रूप से अध्यक्ष नील कमल पुरी, अशोक अग्रवाल, राकेश जैन, अश्वनी मित्तल, आशीष गर्ग, अंकित संगल, आशीष बंसल, रोहन, दीपक मित्तल, शारिक भाई, विख्यात बिन्दल, श्रेय जैन, निपुण मित्तल तथा अनेकों उद्यमी साथी उपस्थित रहे।





## श्रद्धांजलि



निर्वाण दिवस 22 जुलाई 2010

स्व. राकेश कुमार मित्तल

प्रबुद्ध, कर्मठ, समाजसेवी व परिवार के लौह पुरुष एवं मार्गदर्शक

"15 वीं पुण्यस्मृति"

पर परिवार की भावभीनी श्रद्धांजलि

आप एवं श्रीमती प्रतिभा मित्तल (स्मृति शेष) धर्मपत्नी स्व. श्री राकेश कुमार मित्तल हमेशा हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे।

समस्त मित्तल परिवार

नाथीराम मित्तल (भ्राता) स्मृति शेष, राजेश कुमार मित्तल (भ्राता)
सचिन मित्तल, नितिन मित्तल, अभिषेक मित्तल (पुत्रगण)
दीपक मित्तल, गौरव मित्तल, सत्यम मित्तल (भतीजे)
सार्थक मित्तल, वासु मित्तल, शौर्य मित्तल, निकुंज मित्तल, अंश मित्तल, अर्श मित्तल (पौत्रगण)

प्रतिष्ठान

- मै. सचिन कुमार मावा आढ़त, (मु.नगर)
- मै. सचिन कुमार ट्रेडिंग कम्पनी (हॉलसेल रेडीमेड), (मु.नगर)
- मै. मित्तल मार्बल्स, नई मण्डी, (मु.नगर)
- मै. प्रतिभा एन्टरप्राईजेज, नई मण्डी, (मु.नगर)
- मै. मित्तल मैडिकल स्टोर, नई मण्डी, (मु.नगर)
- मै. मित्तल मावा आढ़त
- मै. कृष्णा मैडिकल स्टोर, नई मण्डी, (मु.नगर)
- मै. श्री मोबाइल गैलरी, मेरठ रोड, (मु.नगर)
- मै. मित्तल क्लैक्शन सैन्टर (PATHKIND LAB), नई मण्डी, (मु.नगर)

# डाक कांवड़ियों की भागम-भाग बिगाड़ेगी अब व्यवस्था का मिजाज

## देर सायं से शिवचौक समेत अन्य मार्गों पर शुरू हुई दस्तक

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** भगवान श्री आशुतोष को जलाभिषेक के लिए कांवड़ मेला अब सोमवार को अपनी विदाई बेला की ओर बढ़ते दिखाई देने लगा है। देर सायं पैदल कांवड़ियों और डीजे कांवड़ों के शोर-शराबे और बम-बम एवं हर हर महादेव के जयघोष के बीच में साधारण कांवड़ों की गति को ब्रेक लगने के साथ डाक कांवड़ियों की भागम-भाग का नया कौतूहल शुरू हो गया है। ऐसे में अब इन डाक कांवड़ों की तेज रफ्तार को थामने में शिवचौक से हाईवे तक पुलिस कर्मियों के पसीने छूटते नजर आये तो वहीं डाक कांवड़ों की दौड़ शुरू होने के साथ कांवड़ मार्ग पर की गई तमाम व्यवस्थाएं बौनी साबित होती दिखाई दीं। श्रावण माह की शिवरात्रि पर बाबा भोले नाथ को जलाभिषेक करने को गंतव्य की ओर बढ़ते क्रम के बीच कांवड़ यात्रा अपने शिखर पर पहुंचकर विदाई बेला की ओर बढ़ती नजर आई। इस बीच में कांवड़ मार्ग पर शहर से हाईवे तक पैदल कांवड़ियों की भीड़ के बीच डाक कांवड़ों के शोर और भागमभाग ने इस यात्रा को चरमोत्कर्ष पर पहुंचने लगी है। डाक कांवड़ों का दौर यूं तो बीती रात्रि से शुरू हो गया था और मुजफ्फरनगर के रास्ते डाक कांवड़ियों की हरिद्वार की ओर दौड़ लगती नजर आई, लेकिन सोमवार की सुबह से हरिद्वार की ओर जाने व हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर दौड़ने वाले कांवड़ियों की भीड़ ने शिव की भक्ति और आस्था की नई इबारत लिखने का काम किया। इस बीच डाक कांवड़ियों ने पूरी आस्था के शिव का जलाभिषेक करने के लिए युवाओं की टोली ने हाथों में डाक कांवड़ लेकर उत्साह के साथ सड़कों पर डाक कांवड़ दौड़ी, देर रात्रि तक ऐसे में कांवड़ियों की भागमभाग रही। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मार्गों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं बनाने का प्रयास भी किया। डाक कांवड़िए दिल्ली-देहरादून हाईवे, पानीपत-खटीमा मार्ग के साथ बढ़ौत जाने वाले मार्गों पर दिन छिपने के साथ रात भर खूब दौड़े। शहर में रुड़की रोड पर सोमवार देर रात्रि तक युवा डाक कांवड़ियों की टोली ने शिवचौक की परिक्रमा लगाने के साथ गंतव्य की ओर बढ़ गए। हाईवे पर डाक कांवड़ की भीड़ के कारण पुलिस को व्यवस्था बनाने में पसीने छूट गए। दुर्घटना बढ़ने का खतरा देखते हुए पुलिस को कई स्थानों पर बैरिकेडिंग भी करनी पड़ी, हालांकि इस बीच डाक कांवड़ियों की भागम भाग और तेज रफ्तार में प्रशासन की ओर से की गई तमाम व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई। कहना गलत न होगा प्रशासन की ओर से अभी तक इस बार इन डाक कांवड़ों की तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए अस्थाई स्पीड ब्रेकर भी कहीं नजर नहीं आये।










### अपहरण व गैंगरेप के मामले में सबूतों के अभाव में पांच आरोपी बरी

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** वर्ष 2009 में बुढ़ाना थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 साल की किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। आरोपियों ने किशोरी का अपहरण कार से किया और उसे अलग-अलग स्थानों हरिद्वार, सहारनपुर व कुरुक्षेत्र में ले गए और बारी-बारी से उसके साथ गैंगरेप किया। उस मामले में आरोपी शिखर चंद, योगेन्द्र, शिमला, सचिन, रेणु सिंह, भोपाल व जगदीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पांचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस ने किशोरी किशोरी को भी बरामद कर लिया था। जिसके बाद सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गयी। मामले की सुनवाई विशेष एससीएसटी कोर्ट की न्यायाधीश आशारानी सिंह की कोर्ट में हुई। सोमवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी सचिन, रेणु सिंह, शिखर चंद, योगेन्द्र व शिमला को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट में मामले के विचाराधीन रहते समय आरोपी भोपाल व जगदीश की मौत हो गयी थी। आरोपी शिमला आरोपी सचिन की बहन है, जिस पर घटना में सहयोग करने का आरोप था।

## जोश में खोया होश, तो जिंदगी हो सकती है खामोश


### ▶▶ पिछले 24 घंटे में 3 जिंदगियां हुई खामोश, इसलिए बुलेटिन कर रहा है सावधान




**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु)।** कांवड़ की आस्था अपने चरम पर है। ऐसे में अब डाक कांवड़ का दौर भी शुरू हो चुका है। ऐसे में जोश में होश ना खोने की भी जरूरत है। दरअसल जब भी डाक कांवड़ चलती है तो इनमें जोश हाई रहता है। ऐसे में कोशिश यही करनी चाहिये कि राहगीरों और आम लोगों का ध्यान रखना भी जरूरी है, क्योंकि आस्था के साथ जान भी जरूरी है। आस्था तभी हो सकती है, जब जिंदगी रहेगी। आपको बता दें कि पिछले 24 घंटों में 3 कांवड़ियों की बेशकीमती जानें जा चुकी हैं। पिछले 24 घंटों का जो आंकड़ा है, वो सकते में तो डाल ही रहा है। साथ ही इस बात की ओर भी संकेत कर रहा है कि कांवड़ भाइयों को गति पर ध्यान देना चाहिये, ताकि शिव अच्छे कार्य के लिये वो गंगाजल लेकर आ रहे हैं, वो पूरा हो सके। पिछले 24 घंटों में जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लगभग 104 कांवड़ियों के मामले अलग-अलग बीमारी से संबंधित आ चुके हैं, जिसमें से 50 मामले दुर्घटना के हैं। इनमें से बात की जाये तो जो कांवड़ वार्ड में 45 मामले रिपोर्ट हुए थे। इसमें से 05 को मेरठ रैफर किया गया और इनमें 03 कीमती जानें चली गईं। ऐसे में सबसे हैरान और परेशान करने वाली बात यह है कि 50 मामले सिर्फ दुर्घटना के सामने आये हैं, तो क्या कोई आंखें बंद करके गाड़ी चला सकता है। अगर जोश में अपनी जान गई वो भी मां-बाप के लिये नुकसान है ही साथ अगर किसी और की जान भी चली जाती है, तो जिसको आप जानते भी नहीं है, तो उसके परिवार का नुकसान कैसा होगा। यह सोचने वाली चीज है। इसी पर बुलेटिन परिवार आप सभी कांवड़ियों से आग्रह करता है कि कृपया कांवड़िये और डाक कांवड़िये धीरे चलें। दुर्घटना से बचें और कोशिश करें कि सुरक्षित रहें, क्योंकि जान सबसे ज्यादा जरूरी है।



**भोले ने धरा बाहुबली का रूप**
कांवड़ यात्रा में अपनी अपनी मन्नतों के साथ-साथ अपनी-अपनी भावनाएं भी जुड़ी रहती हैं। ऐसे में एक ओर जहां मोदी-योगी का क्रेज बरकरार रहा वहीं बाहुबली का क्रेज भी देखने को मिला। मेरठ के भोले हर्ष, दक्ष, पुनीत और गौरव विशाल शिवलिंग ले जाते दिखाई दिये।



### तुलसी पार्क में पानी की टंकी में आया करंट, कई को लगे झटके

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** शिवचौक के पीछे स्थित तुलसी पार्क में सोमवार दोपहर अचानक से वॉटर कूलर के पास टंकी में करंट आ जाने से हड़कंप मच गया। इस बीच इस करंट से कई कांवड़ियों को झटके लगे, जिसके चलते वहां अफरा तफरी मच गई। कांवड़ियों ने इस घटना की सूचना कांवड़ कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच करने पर पता चला कि पार्क में लगी टंकी पर पम्प लगाया हुआ है, जिसमें पानी भरने के कारण करंट फैल गया। ऐसे में विद्युत कर्मियों ने टंकी से पम्प को हटा दिया। वर्तमान में तुलसी पार्क में आयोजित शिविर में यहां काफी कांवड़िये रूके हुए थे। तुलसी पार्क में टंकी में आए करंट मामले में पालिका लिपिक व सहायक प्रभारी कांवड़ कंट्रोल रूम तनवीर आलम ने बताया कि तुलसी पार्क सोमवार सुबह हो रही बूंदाबांदी के बीच करंट आ गया था, इसमें कई कांवड़ियों को करंट के झटके लगने की इस बीच सूचना मिली थी। पावर कारपोरेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर करंट लगने की जांच की। उक्त जांच पड़ताल में पता चला कि यहां टंकी पर एक पम्प लगा हुआ था, जिसमें पानी भरने के कारण करंट आ गया, जिससे तुलसी पार्क में फैल जाने से यहां हड़कंप मच गया। बाद में इस पम्प को हटा दिया गया।

## ऐसे चोरों का तो बनना चाहिए भुरता, चोरी तक कर ले गए भोले का कुर्ता

### ▶▶ हाल ही में 10 से ज्यादा चोर पकड़े गए हैं, जो कांवड़िये के भेष में करते थे चोरी, एसएसपी ने किया है खुलासा

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु)।** कांवड की इस पवित्र यात्रा के दौरान चोर गैंग भी पूरी तरह एक्टिव हो रखा है। कांवड़ के दौरान मोबाईल, पर्स और बैग चोरी की कई घटनायें सामने आ चुकी हैं। कई मामलों में देखा गया है कि कई लोगों ने इमानदारी का परिचय देते हुए भोलों के फोन वापस किये हैं, परंतु इस दौरान एक ऐसा चोर गिरोह भी एक्टिव हो रखा, जो इंसानियत के नाम पर भी धब्बा लगाने से पीछे नहीं हट रहा है। आपको एक ऐसा मामला आया, जो वाक्य परेशान भी करेगा और हैरान भी करेगा। एक ऐसा भोला जिसके साथ ऐसी घटना हो गई कि सुनकर हर कोई सुन रह गया और सोच में पड़ गये कि ऐसा भी होता है कि इन चोरों में शर्म नाम की कोई चीज होती है या नहीं। एक भोला कांवड़ी गंगाजल लेकर आ रहा था, तो पहले हाइवे पर उसका किसी ने मोबाईल कॉल करने के लिये मांगा और नो दो ग्यार हो गया। उसके बाद भोले ने अपने को जैसे-तैसे संभाला ही था कि भोपा फ्लाईओवर पर उसको किसी ने बैग चुराकर दूसरा झटका दे दिया, तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। उसके बाद बेचारा भोला शिवचौक पर पहुंचने वाला था कि उसकी किसी ने भगवा टीशर्ट उड़ा डाली, तो आप समझ सकते हैं कि अगर ऐसे चोर हाथ में आ जाये, तो उसका मार-मार कर भुरता बना देना चाहिये। आपको बता दें कि अभी दो दिन पहले ही एसएसपी संजय वर्मा ने प्रेस वार्ता कर चोरों के एक गिरोह को भी पकड़ा था, जो कांवडियों के बीच रहकर भोला बनकर भोलों को ही शिकार बनाते थे। ऐसे में एक बात साफ है कि जिसमें इंसानियत होगी, वो तो ना अपने जनपद का नाम खराब करेगा और ना ही अपने क्षेत्र का और जिसकी कोई पहचान ही नहीं है, उन चोरों को तो क्या जनपद की इज्जत से मतलब और क्या अपने परिवार की इज्जत से मतलब होगा।

### कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने CBI कोर्ट में किया सरेंडर, 25 जुलाई तक अंतरिम जमानत मिली

**गाजियाबाद, 21 जुलाई (एजेंसी)।** सहारनपुर से कांग्रेस सांसद के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से जारी गैर जमानती वारंट के तहत सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अदालत ने उन्हें 25 जुलाई तक अंतरिम जमानत दे दी है। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट जारी होने के बाद इमरान को आज कोर्ट में पेश होना पड़ा। इमरान मसूद अपने वकील के साथ गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट पहुंचे। अदालत में सरेंडर कर उन्होंने जमानत की मांग की। जिस पर कोर्ट ने इंकार कर दिया। इसके बार इमरान के वकील ने अंतरिम जमानत की मांग की। कोर्ट ने 25 जुलाई तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। सांसद को अब 25 जुलाई को कोर्ट में पेश होना होगा। आपको बता दें कि कांग्रेस सांसद के खिलाफ पिछले माह 19 जून को वारंट जारी किया गया था। पंजाब नेशनल बैंक से 2007 में 40 लाख की हेराफेरी का मामला था। जांच में आरोप सही पाए गए। साल 2007 में पीएनबी में 40.12 लाख रुपए की हेराफेरी हुई थी। उस समय ईओ नगर पालिका सहारनपुर की तरफ से यह केस दर्ज कराया गया था।

## वर्ष 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपी बरी

**मुंबई, 21 जुलाई (वार्ता)** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में निचली अदालत से दोषी ठहराये गये सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके अपराध को संदेह से परे साबित करने में 'पूरी तरह विफल' रहा। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की एक विशेष पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के सामने जो सुबूत रखे गये, वे आरोपियों का अपराध साबित करने में अपर्याप्त हैं। अदालत ने कहा, '' यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। '' अदालत ने इस मामले में पांच व्यक्तियों को मृत्युदंड और शेष सात को मिली आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया है। इस आतंकवादी हमले में 180 से ज़्यादा लोगों मारे गये थे और सैकड़ों घायल हुये थे। यह भयावह घटना 11 जुलाई, 2006 को तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में पश्चिम रेलवे की ट्रेनों के प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाकर बम विस्फोट किये गये।आतंकवादियों ने खार रोड-सांताक्रूज़, बांद्रा-खार रोड, जोगेश्वरी-माहिम जंक्शन, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम जंक्शन और बोरीवली सहित कई स्थानों को निशाना बनाया। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किये गये प्रेशर कुकर बमों ने 189 लोगों की जान ले ली और 700 से ज़्यादा घायल हो गये। यह मामला महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को जांच के लिए सौंपा गया था। एटीएस की जांच के आधार पर विशेष मकोका अदालत ने सितंबर 2015 में सभी बारह अभियुक्तों को दोषी ठहराया। इनमें से पांच लोगों एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अत्ता-उर-रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवीद हुसैन को मौत की सज़ा सुनायी गयी, जबकि सात अन्य - मुहम्मद अली शेख, सोहेल शेख, ज़मीर लतीफ़-उर-रहमान, डॉ. तनवीर, मुज़म्मिल अत्ता-उर-रहमान शेख, माजिद शफ़ी और साजिद मरघूब अंसारी-को आजीवन कारावास की सज़ा सुनायी गयी।

### शरारती तत्वों ने किया माहौल बिगाड़ने का प्रयास

**फिरोजाबाद 21 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर क्षेत्र के तहत कोटला चुंगी चौराहा पर रविवार रात कावड़ यात्रा मार्ग पर शरारती तत्वों द्वारा जानवरों के अवशेष फेंक कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। घटना से आक्रोशित कावड़ यात्रियों और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने समझा बूझकर सुरक्षा का आश्वासन देकर माहौल को शांत किया गया। पुलिस प्रशासन शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। थाना उत्तर क्षेत्र के तहत कोटला चुंगी चौराहे पर उस समय अफरा तफ़री मच गई जब चौराहे के ऊपर ओवर ब्रिज से एक पॉलिथीन के पैकेट में जानवरों के अवशेष मांस हड्डी आदि भरा हुआ नीचे कावड़ मार्ग पर आकर गिरा। गनीमत यह रही कि किसी भी कांवड़ यात्री के ऊपर नहीं गिर पाया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर हिंदूवादी संगठन के नेता कार्यकर्ता भी पहुंच गए।

## आगरा की 2 बहनों को मुस्लिम बनाने वाला मास्टर माइंड अरेस्ट, खुद हिंदू से ईसाई फिर मुस्लिम बना

**आगरा, 21 जूलाई (एजेंसी)।** छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन का एक और चेला एटीएस के हाथों चढ़ा है। आगरा की 2 बहनों को मुस्लिम बनाने वाले धर्मांतरण गैंग के अब्दुल रहमान कुरैशी को पुलिस ने दिल्ली से अरेस्ट किया है। अब्दुल इससे पहले 6 राज्यों से गिरफ्तार 10 लोगों का सरगना है। साथ ही धर्मांतरण के पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है। अब्दुल पहले हिंदू था और उसका नाम महेंद्र पाल था। 1990 में वह पहले ईसाई धर्म में कन्वर्ट हुआ, फिर इस्लाम धर्म अपनाया और अपना नाम अब्दुल रहमान रख लिया। आगरा पुलिस ने अब्दुल की गिरफ्त से रोहतक की एक लड़की को भी छुड़ाया गया है। उस लड़की का भी धर्मांतरण होना था। अब्दुल के घर से कई किताबें मिली हैं। इनमें धर्म परिवर्तन कैसे करें? क्या नियम होते हैं? इसके क्या फायदे हैं? इस बारे में बताया गया है। आगरा में इस पूरे नेटवर्क को लेकर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। 19 जुलाई को आगरा पुलिस ने धर्मांतरण के लिए 6 देशों से होने वाली फंडिंग और 6 राज्यों तक फैले इस नेटवर्क से पर्दा उठाया था। इसमें एक लड़की समेत 10 लोगों की अरेस्टिंग हुई थी। जांच में पुलिस ने दावा किया था कि 200 से ज्यादा लोगों का धर्मांतरण यह गैंग करवा चुका है। पिछले 60 घंटों से इस गैंग के मास्टरमाइंड को तलाश कर रही थी, आखिरकार दिल्ली से अब्दुल पकड़ने में कामयाबी मिली। धर्मांतरण मामले में आगरा की 2 सगी बहनों की कोलकाता से बरामदगी के बाद पुलिस मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी थी। पकड़े गए 10 आरोपियों से पूछताछ के बाद एक नाम अब्दुल रहमान कुरैशी का मिला था। पुलिस को अब्दुल की पहली लोकेशन दिल्ली के मुस्तफाबाद में मिली। सोमवार को आगरा पुलिस की छापेमारी में अब्दुल के घर से धर्मांतरण से जुड़ी बड़ी संख्या में किताबें मिलीं। ये मौलाना कलीम सिद्दीकी ने लिखी थीं, लेकिन बांटता अब्दुल रहमान था। अब्दुल की पत्नी और दोनों बेटों की पत्नियां भी कन्वर्टेड मुस्लिम हैं, जो पहले हिंदू थीं।



### यात्रा में शिवभक्तों से ज्यादा गुंडे : इकबाल महमूद

**लखनऊ, 21 जूलाई (एजेंसी)।** कांवड़ यात्रा में शिव भक्त कम, गुंडे-मवाली ज्यादा हैं। जगह-जगह तोड़फोड़ की जा रही है। ऐसे गुंडों की जगह जेल है। इनकी शक्ल पर भी गुंडाई दिख रही है। सरकार को चाहिए कि ऐसे गुंडे मवालियों को जेल भेजा जाना चाहिए। सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। यह कहना है कि संभल विधानसभा क्षेत्र से सपा के विधायक इकबाल महमूद का। रविवार को उन्होंने कहा कि कांवड़ियों ने मुजफ्फरनगर में स्कूली बच्चों की वैन में तोड़फोड़ कर दी। लगातार तोड़फोड़ व मारपीट की खबरें सामने आ रही हैं। विधायक ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों की संख्या कम है और गुंडे मवालियों की संख्या ज्यादा है। आगे कहा कि यह अच्छे काम के नाम के लिए जा रहे हैं लेकिन अच्छे काम नहीं कर रहे। यह लोग नर्क में जाएंगे। विधायक ने सांसद इकरा हसन पर की गई टिप्पणी पर कहा कि विदेश में पढ़कर बेटी ने नाम रोशन किया और सांसद बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री ने इकरा हसन की प्रशंसा की है।




### अब खतौली तहसीलदार बने अरविन्द कुमार प्रथम

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** सोमवार सायं जनपद की खतौली तहसील में तहसीलदार के रिक्त चल रहे पद को भरने के साथ नए तहसीलदार के रूप में अरविन्द कुमार प्रथम को भेजा गया है। जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर के निरीक्षण में मिली खामियों के चलते बीते माह डीएम उमेश मिश्रा ने खतौली की एसडीएम मोनालिसा जौहरी को मुख्यालय से संबंद्ध करते हुए वहां से तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता

**प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर की नाराजगी के चलते किया गया था बदलाव**

को वहां से हटाते हुए उनका स्थानांतरण जानसठ करते हुए सतीश कुमार बघेल को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनका बीते दिनों गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने के चलते रिक्त पद पर अरविन्द कुमार प्रथम की तैनाती की गई है। बता दें, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के निरीक्षण के दौरान मिली शिकायत में खतौली तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के खिलाफ घर से ही कार्यालय चलाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले में जांच के आदेश दिए थे। डीएम उमेश मिश्रा ने ऐसे में श्रद्धा गुप्ता को खतौली से हटाकर जानसठ तहसील में तैनात करते हुए उनके स्थान पर जानसठ से सतीश कुमार बघेल को खतौली में तहसीलदार बनाया था।

## हाई-टेक बाइक पर 'मुंह लपेटे' आखिर कौन है ये लोग?

### ▶▶ बढ़ेड़ी गांव के बाहर बुलेटिन के कैमरे में कैद हुई तस्वीर

**मुजफ्फरनगर, 21 जुलाई (बु.)।** रुड़की रोड पर कांवड़ यात्रा अपने चरम पर है और इस बार कांवड़ियों के बीच में हाई-टेक बाइकों पर मुंह लपेटे कुछ ऐसे लोग कैमरे में कैद हो गए, जो अक्सर पुलिस की नजरों से बच निकलते हैं। रविवार रात को ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसने स्थानीय प्रशासन और पुलिस के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। घटना थाना छपार क्षेत्र के बढ़ेडी गांव के बाहर नेशनल हाईवे की है, जहां पर दो युवक हाई-फाई स्पोर्ट्स बाइक पर सवार, चेहरे को पूरी तरह से कपड़े से ढ़ककर कांवड़ियों और यात्रा को देखने आएं लोगों के बीच इधर से उधर घूमते हुए नजर आएं। फिलहाल यह कह पाना तो मुश्किल है कि इनकी मंशा क्या है, लेकिन जिस तरह की ये तस्वीर है, उस पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को एक बार ध्यान जरूर देना चाहिए।



### यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ 21 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिये दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है। ऑल इंडिया की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद स्टेट कोटे की 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 30 जुलाई से शुरू होगी। वहीं गत वर्ष नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग वार, पाठ्यक्रम पूरा किए बिना सीट छोड़ने वालों की सूची वेबसाइट पर जारी करते हुए डिबार घोषित कर दिया है।

